वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# समाचार
हमारे लोग, हमारी ताकत
दिनांक : 15 अक्टूबर, 2023
अंक : 486

## विश्व बैंक की टीम रही वेकोलि के दौरे पर



विश्व बैंक के अधिकारियों की टीम ने 12 एवं 13 अक्तूबर, 2023 को डब्ल्यूसीएल कन्हान क्षेत्र की दमुआ तथा दातला खुली खदानों का दौरा किया। यह दौरा खदानों के लिए 'पायलट भूमि उपयोग पुनर्प्रयोजन' मॉडल की तैयारी के लिए किया गया। यह दौरा 'जस्ट ट्रांजिशन' थीम से प्रेरित है जो नई ऊर्जा विकल्प प्रदान करने एवं बंद खदानों में सामाजिक कार्यों के लिए भूमि उपयोग में लाने पर केंद्रित है।

टीम में डब्ल्यूसीएल के पूर्व सीएमडी एवं वरिष्ठ ऊर्जा सलाहकार श्री आर. आर. मिश्रा, विश्व बैंक के लीड एनर्जी और एक्सट्रैक्टिव विशेषज्ञ और जस्ट ट्रांज़िशन पर ग्लोबल लीड श्री. माइकल स्टेनली, प्रमुख पर्यावरण विशेषज्ञ श्री. वुल्फहार्ट पोहल, जीआईएस सलाहकार सुश्री. वैष्णव होनप तथा फोटो और रिकॉर्डिंग विशेषज्ञ श्री. तन्मय कोठारी शामिल थे। इस दौरे में विश्व बैंक की टीम के साथ निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री. जे. पी. द्विवेदी उपस्थित रहे।

दौरे के उपरान्त विश्व बैंक की टीम ने 13.10.2023 को डब्ल्यूसीएल के सीएमडी श्री मनोज कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे, पी. द्विवेदी एवं निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह से वेकोलि मुख्यालय, नागपुर में भेंट की।





## उप-महानिदेशक तथा कोल कंट्रोलर श्रीमती संतोष रही वेकोलि के दौरे पर



श्रीमती संतोष, उप-महानिदेशक तथा कोल कंट्रोलर, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार ने वेकोलि का दौरा किया। उन्होंने माजरी-II तथा गोंडेगांव ओसी खदान का निरीक्षण किया। साथ ही, उनकी टीम ने पाथाखेडा- I, सतपूरा-II और माजरी-II खदानों का निरीक्षण किया। अपने दौरे में श्रीमती संतोष ने सीएमडी श्री मनोज कुमार तथा निदेशक गण से मुलाकात की।

## जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाताओं की सुरक्षा संकल्प पर क्षेत्रों में कार्यशाला



वेस्टर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) में दिनांक 30.10.2023 से 5.10.2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में वेकोलि के क्षेत्रों में जनहित प्रकटीकरण और सूचनादाताओं की सुरक्षा (Public Interest Disclosure and Protection of Informer) (PIDPI) संकल्प पर 5 अक्टूबर को पाथाखेड़ा, 6 अक्टूबर को उमरेड, 10 अक्टूबर को माजरी आदि क्षेत्रों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने कर्मियों से सीधा संवाद कर उन्हें PIDPI के विषय में अवगत कराया।

सतर्कता जागरूकता के तारतम्य में वेकोलि के कर्मियों में क्षमता निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न प्रशिक्षण का भी आयोजन किया जा रहा है।

ज्ञात हो कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु जनसामान्य को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वेकोलि के साथ-साथ नागपुर तथा वेकोलि के सभी क्षेत्रों के विद्यालयों, महाविद्यालयों आदि में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएंगी।






## राजेगांव खापा में ग्रामस्थों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु ली शपथ




सतर्कता जागरूकता सप्ताह वर्ष 2023 के तहत वेकोलि पाथाखेड़ा क्षेत्र द्वारा दिनांक 8 अक्टूबर को ग्राम राजेगांव खापा, पंचायत लोनिया, विकासखंड घोड़ाडोंगरी में ग्राम सभा के दौरान लगभग 150 ग्राम वासियों को PIDPI संकल्प के विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही, सभी को भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु शपथ दिलाई गई।



## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर टीम वेकोलि की आदरांजलि
## गाँधी जयंती के अवसर पर वेकोलि में स्वच्छता के लिए विशेष मुहिम-3 की शुरुआत



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर टीम वेकोलि की ओर से 02.10.2023 को आदरांजलि अर्पित की गयी।

मुख्यालय में आयोजित समारोह में निदेशक (तकीनीकी/कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय मधुकर म्हेत्रे ने दोनों महान विभूतियों के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा-सुमन अर्पित कर उनके प्रति आदर व्यक्त किया।

अपने उद्बोधन में निदेशक (तकनीकी / कार्मिक) श्री जे. पी. द्विवेदी ने गांधीजी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी से आह्वान किया की बापू के अहिंसा के रास्ते पर चल कर राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दे।

समारोह में उपस्थित विभाग प्रमुखों, अधिकारियों एवं अन्य कर्मियों ने भी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रति अपना आदर व्यक्त किया। कम्पनी के सभी क्षेत्रों, इकाइयों एवं प्रतिष्ठानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

गाँधी जयंती के अवसर पर वेकोलि में स्वच्छता के लिए विशेष मुहीम-3 (Special Campaign 3) की शुरुआत की गई। यह मुहिम 2.10.2023 से 31.10.2023 तक वेकोलि मुख्यालय के साथ सभी क्षेत्रों में जरी रहेगी। इसके तहत वेकोलि में 33 स्थानों को स्क्रैप डिस्पोज़ल के लिए चिन्हित किया गया है। साथ ही 500 फाइले तथा 2500 ई-फाइलो का निपटारा करने की शुरुआत की गई। विशेष मुहिम-3 के तारतम्य में विभिन्न स्थानों पर सफाई के प्रति जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।





## वेकोलि में 75 भू-आश्रितों को रोजगार



वेकोलि में दिनांक 03 अक्टूबर 2023 को भूमि अधिग्रहण के एवज में 75 भू-आश्रितों को रोजगार प्रदान करते हुए नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस उद्देश्य से वेकोलि मुख्यालय स्थित कल्याण हॉल में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन) एवं निदेशक कार्मिक तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना / परियोजना) एवं श्री अजय मधुकर म्हेत्रे, मुख्य सतर्कता अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने सभी 75 भू-आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

श्री जय प्रकाश द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (संचालन)/ निदेशक कार्मिक ने अपने संबोधन में रोज़गार प्राप्त कर रहे सभी भू-आश्रितों को वेकोलि परिवार का हिस्सा बनने पर शुभकामनाएँ दीं एंव उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु मार्गदर्शन किया।

श्री ए. के. सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) ने सभी भू-आश्रितों का वेकोलि परिवार में स्वागत कर भविष्य हेतु बधाई दी । उन्होंने आशा जताई कि नई भर्तियों के माध्यम से कार्य में गति आएगी।

कार्यक्रम के आरंभ में श्री पी. नरेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (कार्मिक/मानव संसाधन विकास) ने स्वागत भाषण कर सभी भू-आश्रितों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। समारोह में वेकोलि संचालन समिति के सदस्य श्री एस. आर. गबाले विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अधिकारी एवं कर्मचारी बढ़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री विवेक कुमार सिंह, प्रबंधक (कार्मिक/औ. सं.) ने किया।












WESTERN COALFIELDS LIMITED & MISSION WCL @TeamWCL @TeamWCL www.westerncoal.in
वेकोलि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित एवं महेश पेपर्स, नागपुर द्वारा मुद्रित।